दिनांक–16.03.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आज बजेगा बिगुल, निर्वाचन आयोग करेगा तारीखों का ऐलान।
- विजय संकल्प अभियान के लिए मैदान में उतरे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी।
- उज्जैन में बनने वाले रोप–वे के लिए केन्द्र सरकार ने मंजूर की राशि।
- प्रदेश में कई जगह मंडराया जल संकट, आगरमालवा जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित।

लोकसभा चुनाव

'लोकसभा चुनाव 2024' के लिए भारत निर्वाचन आयोग तारीखों की घोषणा आज करेगा। दिल्ली के विज्ञान भवन में दोपहर 3 बजे मुख्य चुनाव आयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस करके तारीखों की जानकारी प्रदान करेंगे। इसके साथ ही चार राज्यों– आंध्र प्रदेश, ओडिशा, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम के विधानसभा चुनाव की तारीखें भी आज तय हो सकती हैं। आयोग ने जानकारी दी है कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, आयुक्त ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ आज आम चुनाव 2024 पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे। आपको बता दें कि तारीखों के ऐलान के साथ ही पूरे देष में आदर्ष आचरण संहिता लागू हो जाएगी।

प्रधानमंत्री दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तेलंगाना के मल्काजगिरी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ई राजेंद्र के साथ मल्काजगिरि निर्वाचन क्षेत्र में कल विजय संकल्प मेगा रोड शो किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अगले तीन दिनों में राज्य में दो और सार्वजनिक सभाओं को संबोधित करेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि इस क्षेत्र में रोड शो के दौरान मोदी–मोदी के नारे गूंज रहे थे। श्री मोदी ने हैदराबाद के राजभवन में रात्रि विश्राम किया और आज सुबह एससी लोकसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करने के लिए नगरकुर्नूल पहुंचेंगे। एक अन्य कार्यक्रम में श्री मोदी सोमवार को जगित्याल में एक और रैली को संबोधित करेंगे।

सर्पदंश रोकथाम

राष्ट्रीय सर्पदंश रोकथाम एवं नियत्रंण कार्यक्रम के तहत भोपाल में कार्यशाला का आयोजन कल किया गया। इस दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिषन मध्य प्रदेष की मिशन संचालक प्रियंका दास ने संचार शिक्षा संवाद पुस्तिका, पोस्टर एवं ऑडियो–वीडियो का विमोचन किया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश इस कार्यक्रम के तहत कार्यशाला आयोजित करने वाला प्रथम राज्य है। सर्पदंश में व्यापक दृष्टिकोण को सुदृढ़ करने के लिये टॉल फ्री नम्बर 15400 भी संचालित है। कार्यशाला में समस्त जिलों के कार्यक्रम अधिकारी एवं आईसीयू इन्चार्ज चिकित्सक शामिल हुए। प्रशिक्षित चिकित्सक संबंधित जिलों में राष्ट्रीय सर्पदंश रोकथाम एवं नियत्रंण कार्यक्रम के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

स्कूलों में एआई तकनीक

राज्य में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बच्चों को घर पर भी रुचिकर पढ़ाई के साथ डिजिटल होम–लर्निंग को प्रोत्साहन देने के लिये पिछले दिनों स्वयंसिद्धि बॉट को लांच किया गया है। बॉट आधुनिक तकनीक का वह साधन है, जो एक एप की भाँति कार्य करता है। इसे किसी भी एक विशेष कार्य या गतिविधि के लिये तैयार किया जाता है। इसकी समस्त जानकारियाँ इसमें पूर्व से उपलब्ध रहती हैं। इस बॉट के माध्यम से विद्यार्थी घर बैठे स्कूल में पढ़ाई गई अवधारणाओं का अभ्यास कर दक्षता हासिल कर सकता है। स्वयंसिद्धि बॉट एआई आधारित चेटबॉट है, जो कि स्विफ्ट चेट एप पर उपलब्ध है। यह बॉट मध्यप्रदेश के कक्षा–1 से 12 तक के विद्यार्थियों को साप्ताहिक अभ्यास प्रश्न भेजता है। इस एप में वीडियो लायब्रेरी, मेथ्स प्रेक्टिस और अन्य सुविधा उपलब्ध हैं। यह बॉट बच्चों को घर बैठने की सुविधा देने के साथ उन्हें नये आयामों से भी जोड़ता है। अभ्यास पूरा करने के बाद बच्चे को उत्तर कुंजी भी मिलती है।

सीएए मोबाइल ऐप

नागरिकता–संशोधन अधिनियम, 2019 के तहत आवेदन करने के लिए 'सीएए–2019' मोबाइल ऐप शुरू हो गया है। गृह मंत्रालय के अनुसार आवेदक गूगल प्ले स्टोर से ऐप डाउनलोड कर सकते हैं। और इसे वेबसाइट – इंडियन सिटिजनषिप ऑनलाइन डॉट एनआईसी डॉट इन से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

भिक्षावृत्ति इंदौर

इंदौर जिले को बालभिक्षुक मुक्त किये जाने हेतु कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशानुसार विभिन्न विभागों के 07 संयुक्त दलों का गठन किया गया है। गठित दलों द्वारा कल इंदौर जिले के विभिन्न चौराहों एवं धार्मिक स्थलों पर बाल भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान चलाया गया। उक्त अभियान अंतर्गत कुल 79 पंडित, मौलवी एवं आमजन एवं 18 परिवारों एवं माता–पिता को दल के सदस्यों द्वारा समझाईश दी गई एवं दोबारा भिक्षावृत्ति करते पाये जाने पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की करने की जानकारी दी गई। जिसमें दोषी को पांच वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये जुर्माना दण्डनीय होगा की जानकारी प्रदान की गई।

उज्जैन रोप वे

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मध्य प्रदेश के उज्जैन के लिए एक सौ अठ्यासी करोड़ 95 लाख रुपये मंजूर किए हैं। इस राशि का उपयोग उज्जैन जंक्शन रेलवे स्टेशन और महाकालेश्वर मंदिर के बीच मौजूदा रोपवे के विकास, संचालन और रखरखाव के लिए किया जाएगा। प्रस्तावित रोपवे विशेष रूप से श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ के दौरान आवाजाही में मदद करेगा और यात्रा के समय को 7 मिनट तक कम कर देगा। रोपवे का फायदा प्रतिदिन करीब 64 हजार तीर्थयात्रियों को मिलेगा। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के नए अवसर पैदा के साथ साथ परिवहन का पर्यावरण–अनुकूल माध्यम बनेगा। राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसके लिए श्री गडकरी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री महाकाल के भक्तों की सुविधा के साथ–साथ उज्जैन के विकास को गति देने वाला यह सराहनीय निर्णय है।

जल संकट आगरमालवा

गर्मी के मौसम के आते ही कई जगहों पर जल संकट का दौर शुरू हो गया है। घटते जल स्तर को देखते हुए आगरमालवा जिले में पेयजल की उपलब्धता को बनाए रखने के मद्देनजर कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित कर दिया है। इसके तहत जारी आदेशानुसार सम्पूर्ण जिले में 15 मार्च से 31 जुलाई 2024 तक अशासकीय व निजी नलकूप खनन प्रतिबंधित रहेगा। आदेश का उल्लंघन करने पर प्रथम अपराध के लिए पांच हजार रूपये का जुर्माना और पश्चातवर्ती प्रत्येक अपराध के लिए 10 हजार रूपये या अधिकतम दो वर्ष के करावास से दण्डित किया जा सकेगा।

लोकसभा चुनाव तैयारियां

लोकसभा चुनाव की आहट मिलते ही राज्य के कई जिलों में तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। शिवपुरी जिले में आज उड़नदस्ता दल और निगरानी दलों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। शाजापुर जिले में सेक्टर अधिकारियों को चुनाव संबंधी प्रशिक्षण दिया गया। उधर, सतना में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरुकता की गतिविधियों के संचालन के लिये जिले के महाविद्यालयों में नियुक्त कैंपर्स एंबेसडर्स की बैठक संपन्न हुई। बैतूल में कल अंतरराज्यीय सीमाओं पर निगरानी के लिए अमरावती में ला एंड आर्डर की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कहा कि सीमाओं पर स्थित सभी चेक पोस्ट पर कड़ी नाकेबंदी की जाए। वहीं, बैतूल में युवा मतदाताओं को मतदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'मेरा पहला वोट देश के लिए' अभियान के तहत 154 विद्यार्थियों के वाट्सएप पर स्टेटस पर लगवाया गया। खंडवा जिलें भी तैयारियों तेज कर दी गई हैं। जिले में मतदान दलों का प्रथम प्रशिक्षण 18 से 21 मार्च तक आयोजित किया जाएगा।

संकल्प अभियान

नवजात शिशु मृत्यु दर सिंगल डिजीट में लाने हेतु भारत सरकार द्वारा पूरे देष में 10 जिलों को ''संकल्प'' अभियान के तहत चिन्हित किया गया है। इसमें मध्य प्रदेश के खरगोन को भी स्थान मिला है। उक्त रिसर्च प्रोजेक्ट ''संकल्प'' अंतर्गत मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य गतिविधियों का क्रियान्वयन किया जाना है।

उपभोक्ता दिवस

विश्व उपभोक्ता दिवस के मौके पर जिला पंचायत धार में कल कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की सदस्य श्रीमति हर्षा रुणवाल ने उपभोक्ता जागरूकता के संबंध में जानकारी प्रदान की। निवाड़ी में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा कल उपभोक्ता जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा मुख्य अतिथि रहे।

समाचार संक्षेप में .....

- भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष–2009 बैच के अधिकारी सतेन्द्र सिंह ने कल गुना जिले के कलेक्टर के तौर पर कार्यभार ग्रहण कर लिया है।
- रायसेन जिले में गेहूं उपार्जन की कठिनाईयों के निराकरण के लिए कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति का गठन किया गया है।
- मुरैना सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह तोमर ने बताया कि आयुष्मान भारत निरामय योजना में पात्र हितग्राहियों की डायलिसिस निःशुल्क की जाती है। मरीजों को जीवन जीने के लिये नई उम्मीद मिले और खुश रखने के लिये हर मरीज का जन्म दिन मनाया जाता है।
- खण्डवा में पी एम विश्वकर्मा योजना के जागरूकता के लिए कल जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि हमारी सरकार झूठे वादे नहीं करती जो कहती है वह करके दिखाती है।

---